# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS



**Dr. Manoj Jain**
Director

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 18 October 2022

पुलिस | PATWAR

HIGH COURT | रेलवे (JE, Group-D, TC, RPF)

BANK | SSC (CGL, 10+2, CPO-SI, MTS)

शिक्षक (I[st] ग्रेड) | REET (I, II Level)



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )


पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 18 अक्टूबर का इतिहास

- **1998 :** भारत और पाकिस्तान आणविक खतरे को रोकने के लिए सहमत हुए।
- **2007 :** आठ वर्ष के बाद बेनजीर भुट्टो अपने वतन पाकिस्तान वापस लौटी।
- **2008 :** उत्तरप्रदेश की मुख्यमंत्री मायावती रायबरेली की रेल कोच फैक्ट्री के लिए 189.25 करोड़ एकड़ भूमि रेल मंत्रालय को वापस की।
- **1967 :** हैंस ए बेथे को भौतिकी का नोबेल पुरस्कार दिया गया।

## 18 अक्टूबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- सरकार घाटे की भरपाई के लिए राज्य के स्वामित्व वाले तीन खुदरा ईंधन विक्रेताओं को 22,000 करोड़ का एकमुश्त अनुदान देगी। कैबिनेट ने नुकसान की भरपाई के लिए सार्वजनिक तेल कंपनियों को 22,000 करोड़ के अनुदान को मंजूरी दे दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि पिछले दो वर्षों में घरेलू रसोई गैस एलपीजी को लागत से कम कीमत पर बेचने पर हुए नुकसान को कवर करने के लिए तेल कंपनियों को यह अनुदान दिया जा रहा है।
- टॉम क्रूज अब अपनी आने वाली फिल्म में अंतरिक्ष में शूट कर सकते हैं। टॉम क्रूज स्पेसवॉक करने के लिए अंतरिक्ष में जा सकते हैं। बता दे कि कोरोना महामारी से पहले इस तरह की फिल्म को शूट करने का विचार रखा गया था लेकिन महामारी के बाद इस विचार पर विराम लगा दिया गया। टॉम क्रूज ने इस फिल्म के लिए हॉलीवुड के टॉप फिल्ममेकर डग लिमन के साथ करार किया है। उन्होंने प्रोजेक्ट के बारे में बताते हुए कहा कि असल में पूरी फिल्म जमीन पर ही फिल्माई जाएगी और कैरेक्टर को दिन बचाने के लिए अंतरिक्ष में जाने की जरूरत पड़ी है। उन्होंने आगे कहा कि टॉम क्रूज हमें और पूरी दुनिया को अंतरिक्ष में ले जा रहे हैं।
- केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया और जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिंहा ने श्रीनगर में चौथे हेली-इंडिया समिट 2022 का उद्घाटन किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि श्रीनगर में हेली-समिट का आयोजन कर हेलिकॉप्टर सेवाओं के क्षेत्र में विस्तार की एक नई शुरुआत हुई है।
- भूमध्य सागर में समुद्री सीमा विवाद को समाप्त करने के लिए लेबनान और इजराइल ऐतिहासिक समझौते पर पहुंचे। यह समझौता भूमध्य सागर के पूर्वी हिस्से में एक क्षेत्रीय विवाद को हल करेगा। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां लेबनान का लक्ष्य प्राकृतिक गैस का पता लगाना है और इजराइल ने हाइड्रोकार्बन की व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य मात्रा पाई है।
- टाइम्स हायर एजुकेशन ने वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2023 जारी की। इसमें वैश्विक स्तर पर ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय लगातार सातवें वर्ष शीर्ष स्थान पर रहा।
- 2022-23 से 2025-26 तक 15वें वित्त आयोग के शेष चार वर्षों के लिए योजना को मंजूरी दी गई है। इस अवधि के लिए इसमें 6600 करोड़ रुपये का परिव्यय होगा। यह 100 प्रतिशत केंद्रीय वित्त पोषण के साथ एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। इसे पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास मंत्रालय द्वारा पूर्वोत्तर परिषद या केंद्रीय मंत्रालयों/एजेंसियों के माध्यम से लागू किया जाएगा।
- गूगल ने ग्लोबल रिवार्ड प्रोग्राम Google Play Points को भारत में भी लॉन्च कर दिया है। Google Play Points के अंतर्गत यूजर्स को गूगल प्ले-स्टोर से एप, गेमिंग, मूवी ओर ईबुक खरीदने पर रिवार्ड मिलेंगे। Google Play Points के चार लेवल हैं जिनमें ब्रोंज, सिल्वर, गोल्ड और प्लेटिनम शामिल है।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बहु-राज्य सहकारी समितियां विधेयक 2022 को मंजूरी दी। इस विधेयक का उद्देश्य बहु-राज्य सहकारी समितियों में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाना है। यह शासन में सुधार करेगा, चुनावी प्रक्रियाओं में सुधार करेगा, बोर्ड की संरचना में सुधार करेगा और बहु-राज्य सहकारी समितियों को धन जुटाने में सक्षम बनाना। प्रस्तावित विधेयक में अपराधियों को तीन साल के लिए प्रतिबंधित करने का प्रावधान है और इससे व्यापार करने में आसानी में भी सुधार होगा।
- महिला और बाल विकास मंत्रालय ने कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय और अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के साथ साझेदारी में बेटियाँ बने कुशल का आयोजन किया। स्मृति ईरानी ने घोषणा की कि नवंबर माह से सभी राज्यों के बाल आश्रय गृहों में कौशल विकास प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश में सात हजार बाल आश्रय गृहों में भी रोजगार परक पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे ताकि वहां रहने वाले बच्चें आत्मनिर्भर बन सकें।
- गाम्बिया में 66 बच्चों की मौत पर डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट की जांच के लिए केंद्र सरकार ने एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। समिति मेडेन फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड के कफ सिरप के सेवन से गाम्बिया में 66 बच्चों की मौत पर विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट की जांच करेगी। समिति में चार सदस्य हैं। इसकी अध्यक्षता दवाओं पर स्थायी राष्ट्रीय समिति के उपाध्यक्ष डॉ वाई के गुप्ता करेंगे।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. भारत ने किस देश के साथ वैक्सीन एक्शन प्रोग्राम को वर्ष 2027 तक बढ़ा दिया है?**

(A) संयुक्त राज्य अमेरिका (B) जर्मनी
(C) रूस (D) फ्रांस

**(A)** भारत सरकार ने वर्ष 2027 तक इंडो-यूएस वैक्सीन एक्शन प्रोग्राम को बढ़ा दिया है। यह एक द्विपक्षीय सहयोगी कार्यक्रम है जो संयुक्त राज्य अमेरिका में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एलर्जी एंड इंफेक्शियस डिजीज, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के सहयोग से बनाई गई है।




**2. हाल ही में भारतीय डिस्कस थ्रोअर कमलप्रीत कौर पर कितने साल का प्रतिबंध लगा दिया है ?**

(A) एक साल (B) दो साल
(C) तीन साल (D) चार साल


**(C)** वर्ल्ड एथलेटिक्स की एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने ओलिंपियन डिस्कस थ्रोअर कमलप्रीत कौर पर तीन साल का प्रतिबंध लगा दिया है। एआईयू ने बताया कि पंजाब की रहने वाली 26 साल की एथलीट को उसके सैंपल में प्रतिबंधित पदार्थ की उपस्थिति या उपयोग के कारण प्रतिबंधित कर दिया गया है।




**3. देश के नागरिकों को आर्म्ड फोर्स बैटल कैजुअल्टीज वेलफेयर फंड में योगदान के लिए कौनसी वेबसाइट लॉन्च की गई है ?**

(A) भारत मां के सपूत (B) मां भारती के सपूत
(C) मां भारती के बहादूर सपूत (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक वेबसाइट मां भारती के सपूत लॉन्च की है, जो देश के नागरिकों को सशस्त्र बलों के युद्ध हताहत कल्याण कोष में योगदान करने में सक्षम बनाएगी। प्रख्यात अभिनेता अमिताभ बच्चन को इसका गुडविल एंबेसडर बनाया गया है।




**4. हाल ही में किस प्रदेश सरकार ने किसानों की मदद के लिए हिमकैड योजना शुरू की?**

(A) आंध्रप्रदेश (B) बिहार
(C) उत्तराखंड (D) हिमाचल प्रदेश

**(D)** हिमाचल प्रदेश की राज्य सरकार ने किसानों को सिंचाई की सुविधा प्रदान करने के लिए हिमकैड नाम से एक नई योजना शुरू की है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार हिमाचल प्रदेश का लगभग 80% कृषि क्षेत्र वर्षा पर निर्भर है। यह योजना बेहतर जल संरक्षण, फसल विविधीकरण और एकीकृत खेती के लिए किसानों के खेतों को शुरू से अंत तक संपर्क प्रदान करेगी।



**5. हाल ही में कानून मंत्रियों और कानून सचिवों का अखिल भारतीय सम्मेलन किस राज्य में हुआ है ?**

(A) राजस्थान (B) गुजरात
(C) उत्तरप्रदेश (D) ओडिशा

**(B)** हाल ही में कानून मंत्रियों और कानून सचिवों का अखिल भारतीय सम्मेलन गुजरात राज्य में हुआ है। सम्मेलन के दौरान भारत की कानूनी व्यवस्था से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। यह विचारों और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान का एक मंच है। यह देश की समग्र कानूनी प्रणाली को उन्नत करने में मदद करेगा।



**6. हाल ही में किन दो देशों के बीच समुद्री विवाद पर ऐतिहासिक समझौता हुआ है?**

(A) इजरायल और लेबनान (B) भारत और अमेरिका

(C) पाकिस्तान और इजरायल (D) नेपाल और भूटान

**(A)** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि अमेरिका ने इजरायल और लेबनान के बीच ऐतिहासिक समझौता कराया है, जिससे दोनों देशों के बीच साझा समुद्री सीमा को लेकर चला आ रहा विवाद खत्म हो जाएगा। साथ ही दुश्मन माने जाने वाले इन दोनों देशों के बीच प्राकृतिक गैस उत्पादन का रास्ता साफ होगा और युद्ध का खतरा कम हो जाएगा।



**7. पीएम-डिवाइन योजना का उद्देश्य भारत के किस क्षेत्र के विकास के लिए है ?**

(A) उत्तर-पूर्वी क्षेत्र (B) सीमा क्षेत्र

(C) पहाड़ी क्षेत्र (D) तटीय क्षेत्र

**(A)** भारत सरकार ने 100 प्रतिशत केंद्रीय वित पोषण के साथ पीएम-डिवाइन योजना की घोषणा की है। पीएम डिवाइन (पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री विकास पहल) का उद्देश्य भारत के उत्तर पूर्व क्षेत्र का विकास करना है। इस योजना से युवाओं और महिलाओं के लिए सहायक उद्योगो, बुनियादी ढांचे, आजीविका गतिविधियों और सामाजिक विकास परियोजनाओं का सृजन किया जाएगा।




**8. WWF के अनुसार 1970 के बाद से विश्व वन्यजीव आबादी में कितने प्रतिशत की गिरावट आई है ?**

(A) 25% (B) 40%

(C) 69% (D) 87%

**(C)** WWF और जूलॉजिकल सोसाइटी ऑफ लंदन की द्विवार्षिक लिविंग प्लैनेट रिपोर्ट 2022 के अनुसार पिछले 50 वर्षो में पृथ्वी की आबादी में औसतन 69 प्रतिशत की कमी आई है। रिपोर्ट में 32000 वन्यजीव आबादी की स्थिति पर जेडएसएल के 2018 के आंकड़ों का इस्तेमाल किया गया है।



**9. किस हवाईअड्डे ने हरित ऊर्जा स्त्रोतों से शतप्रतिशत परिचालन शुरू कर दिया है?**

(A) मुंबई हवाईअड्डा (B) सांगानेर हवाईअड्डा

(C) चेन्नई हवाईअड्डा (D) दिल्ली हवाईअड्डा

**(A)** अडाणी समूह भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा संचालित मुंबई हवाईअड्डे ने अपना शतप्रतिशत परिचालन पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा स्त्रोतों से करना शुरू कर दिया है। निजी हवाईअड्डे ने जारी बयान में कहा कि हवाईअड्डे की 95 प्रतिशत आवश्यकताओं को पनबिजली और पवन तथा शेष पांच प्रतिशत को सौर ऊर्जा से पूरा किया जा रहा है।



**10. हाल ही में किस देश ने अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों के दमन के लिए जिम्मेदार तालिबान के सदस्यों पर वीजा प्रतिबंध लगाया है ?**

(A) न्यूजीलैंड (B) चीन

(C) ऑस्ट्रेलिया (D) संयुक्त राज्य अमेरिका

**(D)** संयुक्त राज्य अमेरिका ने तालिबान के सदस्यों और अन्य व्यक्तियों वीजा प्रतिबंध लगा दिया है, ये लोग अपनी नीतियों और हिंसा के माध्यम से अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों के दमन के लिए जिम्मेदार हैं। यह वीजा प्रतिबंध नीति तालिबान के वर्तमान या पूर्व सदस्यों के लिए वीजा जारी करने को प्रतिबंधित करती है।



